ॐ जय तुलसी माता आरती हिंदी लिरिक्स

ॐ जय तुलसी माता,
मैया जय तुलसी माता,
सब जग की सुख दाता,
तुम ही वर दाता,
ओम जय तुलसी माता।bd।

सब योगों के ऊपर,
सब रोगों के ऊपर,
रुज से रक्षा करती,
तुम ही भव त्राता,
ओम जय तुलसी माता।bd।

बटु पुत्री हे श्यामा,
सुर बल्ली हे ग्राम्या,
विष्णु प्रिये जो सेवे,
सो नर तर जाता,
ओम जय तुलसी माता।bd।

हरि के शीश विराजत,
त्रिभुवन हो वन्दित,
पतित जनों की तारिणी,
तुम हो विख्याता,
ओम जय तुलसी माता।bd।

लेकर जन्म विजन में,
आई दिव्य भवन में,
मानवलोक तुम्ही से,
सुख संपति पाता,
ओम जय तुलसी माता।bd।

हरि को तुम अति प्यारी,
श्यामवरण सुकुमारी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

प्रेम अजब श्री हरि,
तुमसे कैसा नाता,
ओम जय तुलसी माता।**bd।**

ॐ जय तुलसी माता,
मैया जय तुलसी माता,
सब जग की सुख दाता,
तुम ही वर दाता,
ओम जय तुलसी माता।**bd।**

Singer – Kanishka

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com